कार्यालय प्राचार्य, शास. पं.ज.ला.ने. कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेमेतरा
जिला – बेमेतरा (छ0ग0)
{E-mail – pgcollegebemetara@rediffmail.com} {Ph. No. & Fax No. – 07824-222269}

क्र / 375 / स्था. / अति.व्याख्याता / 2022 बेमेतरा, दिनांक 10.10.2022

/ / विज्ञापन सूचना / /

आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र क्र. 535 / आउशि / राज.स्था. / 2022 अटल नगर दिनांक 29.08.2022 के अनुक्रम में इस महाविद्यालय में स्वीकृत सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों पर निम्न विषयों में अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

1.	**अंग्रेजी**	–	**01**
2.	**वाणिज्य**	–	**01**

सामान्य शर्ते :–

1 आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र क्र. 535 / आउशि / राज.स्था. / 2022 अटल नगर दिनांक 29.08.2022 द्वारा निर्धारित संशोधित मापदण्डो के आधार पर होगी।

2 अतिथि व्याख्याताओं को चयनित होने के पश्चात् कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व एक शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज न होना तथा किसी अन्य संस्था / महाविद्यालय में अध्यापन न करने का वचन देना होगा।

3 अतिथि व्याख्याता नियुक्त होने पर प्रति कालखण्ड **रू. 300 / –** तथा प्रतिदिन अधिकतम 04 कालखण्ड एवं रू. 1200 / – एवं मासिक (अधिकतम) रू. 31200 / – मानदेय दिया जायेगा।

4 आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक या स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन समय पर दिनांक **18.10.2022** तक प्राप्त किये जायेंगे। बाद में प्राप्त आवेदन अमान्य होंगे।

5 आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर अतिथि व्याख्याता हेतु आवेदन – (विषय ....) अनिवार्य रूप से लिखें।

6 चयन होने पर नियुक्ति के समय आवेदक को समस्त प्रमाण – पत्रों की सत्यप्रतिलिपि तथा मूल प्रमाण – पत्र प्रस्तुत करना होगा।

7 चयनित पद पर शासन द्वारा नियमित नियुक्ति होने पर अथवा किसी अन्य शिक्षक के स्थानांतरण पर आने पर यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जावेगी।

8 चयनित उम्मीदवार को महाविद्यालय में अध्ययापन कार्य के अतिरिक्त समय महाविद्यालय के गुणवत्ता एवं छात्र / छात्राओं के कैरियर निर्माण के लिए देना होगा। इस दृष्टि से अतिथि व्याख्याताओं को 10:30 से 4:30 बजे तक महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थिति देना होगा तथा उन्हें इस आशय का शपथ–पत्र भी कार्यभार ग्रहण करते समय नोटरी से बनाकर देना होगा। इसके लिए उन्हें अतिरिक्त अलग पारिश्रमिक देय नहीं होगा।

प्राचार्य
शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेमेतरा
जिला–बेमेतरा (छ0ग0)